I/363107/2023

# विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-37 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **37(क)** क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज व झांसी मण्डल में समाज कल्याण विभाग की कौन-कौन सी योजनाएं वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रचलित है और उक्त योजनाओं से जनता को कितना लाभ प्राप्त हो रहा है? | जी हाँ।<br><br>प्रयागराज एवं झाँसी मण्डल के सभी जनपदों में समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग पूर्वदशम/दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना, उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 के अन्तर्गत वृद्धाश्रम, अत्याचार उत्पीड़न की दशा में आर्थिक सहायता योजना, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय तथा राजकीय अनुसूचित जाति बालक/बालिका छात्रावास संचालित है। इन सभी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जा रहा है। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

Signed by असीम अरुण
Date: 04-08-2023 18:37:27
Reason: Approved

( असीम अरुण )
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)